अग्रणी होम्स की जब्त 85 डिसमिल जमीन की नीलामी नौ अप्रैल को

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : रेरा बिहार द्वारा जब्त अग्रणी होम्स प्राइवेट लिमिटेड की धवलपुरा स्थित 85.6 डिसमिल जमीन की नीलामी अब नौ अप्रैल को होगी। इच्छुक खरीदार अपना प्रस्ताव जरूरी कागजात और शुल्क के साथ तीन अप्रैल के अपराह्न तीन बजे तक जमा कर सकते हैं। पूरी नीलामी प्रक्रिया ई-प्रोक के माध्यम से की जाएगी, ताकि यह काम पारदर्शी तरीके से हो। जमीन का न्यूनतम मूल्य आठ करोड़ रुपये है, जिसके लिए खरीदारों को 80 लाख रुपये अर्नेस्ट राशि के रूप में जमा करना होगा।

बिहार रेरा के अनुसार, इस संबंध में जिला प्रशासन की ओर से पहले भी दो बार नोटिस जारी की गई थी, लेकिन समुचित संख्या में प्रस्ताव नहीं मिलने के कारण तीसरी बार नीलामी की नोटिस जारी की गई है। इस नीलामी का उद्देश्य जमीन के एवज में ज्यादा से ज्यादा राशि जमा करना है, ताकि अग्रणी होम्स के पीड़ित आवंटियों के पैसे लौटाए जा सकें। प्राधिकरण ने नीलामी की राशि पीड़ित खरीदारों में वितरण करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया भी बना रखी है। इसके तहत वैसे घर खरीदार, जिन्होंने प्राधिकरण में वाद दायर किया था, वह पहले लाभान्वित होंगे।